PUBLICATION NAME :	Rajasthan Patrika
EDITION :	Ahmedabad
DATE :	20/02/24
PAGE :	2

ईडीआइआइ का कुटीर एवं ग्रामीण उद्योग आयुक्तालय से एमओयू

अहमदाबाद @ पत्रिका. भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआइआइ), अहमदाबाद के वीमेन एंट्रेप्रेन्योर्स- एक्सेस कनेक्ट एंड ट्रांसफॉर्म (वीएक्ट) कार्यक्रम ने समावेशी विकास के लिए कुटीर एवं ग्रामीण उद्योग आयुक्तालय के साथ एमओयू किया है। इसका उद्देश्य स्थानीय कारीगरों को सशक्त बनाना है। समझौते में महिला कारीगरों को वीएक्ट से बाज़ार तक पहुंच, उत्पाद विकास, नेटवर्क और प्रौद्योगिकी का लाभ पहुंचाया जाएगा। वीएक्ट महिला उद्यमियों का मंच है। वीएक्ट से देश भर में 13,400 से अधिक महिला उद्यमी जुड़ी हैं। कुटीर एवं ग्रामीण उद्योग के सचिव और आयुक्त प्रवीण सोलंकी और ईडीआइआइ महानिदेशक डॉ. सुनील शुक्ला ने कहा कि यह साझेदारी राज्य के कारीगरों और बुनकरों के कल्याण के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है।